तापमान
अधिकतम 24.1 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, सोमवार, 3 फरवरी 2025



11 चौधरी छोटूराम जन्मोत्सव पर जाट कॉलेज ने जीती ...





12 एसई साहब मैं एसी कमरे वाला नहीं फिल्ड का ...





# R.E.D. GROUP OF SCHOOLS

SINCE : 1987

## CHHUCHHAKWAS | JHAJJAR | CHARKHI DADRI

(Affiliated with CBSE, New Delhi)

RED is a pioneering, innovative & learning organization serving the society since 1987. It has the environment for nurturing good habits, life skills, values, character and attitude among students through its daily working routines, methods and processes.

## REGISTRATION OPEN
### FOR THE SESSION 2025-26
### FOR CLASSES : NUR. TO 9TH & 11TH

## ADMISSION TEST
### 09-02-2025 (Sunday)






### OUR SPECIAL FEATURES

- RED has professional leadership and creates shared vision with ownership, commitment and alignment of all its stakeholders.
- RED ensures regular professional development of all teachers.
- Coaching for IIT-JEE, NEET, NDA, C.A./C.S., CLAT, CUET & VVM etc.
- Scholarships & Awards for meritorious students of Nur. to XII.
- Special concessions for SC/ST, Physically challenged and Siblings.

### SPECIAL ACHIEVEMENTS & SUCCESSES

- Regular 100% Results in CBSE Board Exams of 10th & 12th.
- Regular Selections in IIT-JEE, NEET, NDA, C.A./C.S., CLAT, CUET & VVM etc.
- RED alumni serving the society in different capacities such as Civil Servants, Doctors, Engineers, Army Officers, Teachers, Lawyers, Bankers and other areas.
- A lot of our alumni are serving various foreign countries in different disciplines.

### SCHOOL ENVIRONMENT, ROUTINES & PROCESSES

- Safe, disciplined, respectful & learning environment.
- Child centric activity based experiential teaching learning processes for learning & growth of students.
- Well defined and organized Club & House system for school and inter-school level activity exposure for nurturing co-scholastic skills of students.
- Well designed assessment processes for both Academic & Co-curricular Activities.

### INFRASTRUCTURE FACILITIES

- World class, lush green CCTV monitored school campus with 24×7 hours power backup.
- Well ventilated, lighted and spacious Smart class rooms
- Well equipped Libraries, Labs for all subjects and excellent facilities for indoor & outdoor sports.



## Hostel Facilities for Boys only at Chhuchhakwas Branch



Chhuchhakwas



Jhajjar



Charkhi Dadri

9992114101 (Chhuchhakwas) | 9992600417 (Jhajjar) | 9992113926 (Charkhi-Dadri)

For more details, kindly visit :
www.redschools.org

## खबर संक्षेप



### गोच्छवाल प्रवासी सोसायटी ने नई कार्यकारिणी बनाई

**रोहतक।** गोच्छवाल प्रवासी सोसायटी ने रविवार को नई कार्यकारिणी का चयन किया। सर्वसम्मति से बलजीत सिंह को अध्यक्ष, मास्टर रमेश अहलावत को उपाध्यक्ष प्रेम सिंह अहलावत को महासचिव विजेंद्र चौहान को सचिव व रणजीत सिंह को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र पाल (पूर्व विधायक) ने नई कार्यकारिणी को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए इस परिवार मिलन कार्यक्रम को और नई ऊंचाइयां देने के लिए हर संभव मदद और सहयोग का आश्वासन दिया। इसके साथ-साथ चुने गए अध्यक्ष बलजीत सिंह अहलावत ने सभी को आस्वस्त किया कि वह इस कार्यक्रम को और भी बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे व हर गोच्छवाल को साथ लेकर चलने का समस्त कार्यकारिणी को विश्वास दिलाया।

### शिविर में 312 नेत्र रोगियों की जांच की



**रोहतक।** जन सेवा संस्थान की ओर से भिवानी रोड स्थित वृद्ध आश्रम में संस्थान अध्यक्ष महामंडलेश्वर डा स्वामी परमानन्द महाराज के सानिध्य में निशुल्क नेत्र जांच एवं आपरेशन शिविर लगाया गया। जिसमें समाजसेवी नीरज दुआ द्वारा आंखों के कैंप का शुभारंभ किया गया। कैम्प में नीरज दुआ व डॉ. राकेश वर्मा द्वारा 312 रोगियों की जांच की गई व दवाई प्रदान की गई। संस्थान द्वारा अब तक 212 कैम्पों में 19596 से अधिक रोगियों के निःशुल्क आपरेशन करवाए जा चुके हैं। इस अवसर पर पीपी वर्मा, डॉ.लक्की मदान, पवन जिंदल, मा होशियार सिंह सहित संस्थान के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लगभग 6000 नई स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी

# 46 करोड़ से जगमग होगा रोहतक, रोडमैप तैयार

**निगम ने केस तैयार कर सरकार को भेजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




रोहतक की गलियां अब जल्द ही नई स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएंगी। नगर निगम क्षेत्र को जगमग करने के लिए निगम द्वारा परियोजना तैयार की गई है और केस स्वीकृति के लिए सरकार को भेजा जा चुका है। जिसके तहत शहर में लगी पुरानी सॉडियम, सीएफएल, टयूट आदि लाईटों के स्थान पर एलईडी लाईट लगाई जानी हैं। इस परियोजना का प्रांकलन लगभग 46 करोड़ रूपये तैयार किया गया है, जिसमें पूरे शहर में स्ट्रीट लाईटों के लिए अलग से बिजली की तार डाली जाएगी, जहां पर बिजली के नये पोल लगाये जाने हैं वहां पोल लगाए जाएंगें। वहीं जहां पर अंधेरा रहता है या स्ट्रीट लाईटें नहीं लगी हैं, वहां पर लाईटे लगाई जाएंगी।

#### 19 हजार पुरानी स्ट्रीट लाइट बदली जाएंगी

नगर निगम के आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि निगम क्षेत्र से लगभग 19 हजार से ज्यादा पुरानी स्ट्रीट लाईटें बदली जाएंगी व लगभग 6000 नई लाईटें लगाई जाएंगी। इस कार्य में सभी लाईटों को घड़ी के समय के अनुसार चालू व बंद करने का भी प्रावधान रखा गया है। इसके अतिरिक्त कार्य की देख-रेख के लिए केंद्रीकृत नियंत्रण और निगरानी प्रणाली का भी प्रावधान है, जिसके माध्यम से लाईट खराब होते ही उसके संबंधित क्षेत्र का पता लग जाएगा।

#### बिजली खर्च होगा कम

नगर निगम आयुक्त ने यह भी बताया कि नगर निगम द्वारा स्ट्रीट लाईट के कार्य की परियोजना तैयार की जा चुकी है तथा केस स्वीकृति के लिए सरकार को भेजा जा चुका है। इस परियोजना के संचालन से बिजली खर्च में भी काफी कमी आएगी तथा कार्य की निगरानी भी एक स्थान पर हो जाएगी व निगमवासियों को इससे काफी सुविधा होगी।

# रोप स्किपिंग में रोहतक की टीम प्रथम

- पानीपत ने दूसरा व झज्जर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



हरियाणा रोप स्किपिंग कप में रोहतक की टीम ने पहला पहला, पानीपत ने दूसरा व झज्जर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संघ के महासचिव सुनील वशिष्ठ ने बताया कि प्रतियोगिता में 12 जिलों के 385 लड़के और लड़कियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता एमेच्योर रोप स्किपिंग संघ हरियाणा के बैनर तले सैनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में स्पीड होप इवेंट में अंडर 14 में रोहतक के प्रिंस ने पहला, झज्जर के निशांत ने दूसरा और रोहतक के अंश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में प्रिया आरकेडी रोहतक ने पहला स्थान, सेजल राणा एकेडमी ने दूसरा स्थान, मोहिनी झज्जर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 स्पीड स्प्रिंट में रोहतक के श्रेष्ठ ने पहला, झज्जर के प्रिंस ने दूसरा, निशांत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में अंडर 14 में रोहतक से दिशा ने पहला, आरकेडी से मन्नू ने दूसरा, मॉडल स्कूल से सिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में रोहतक कीह तमन्ना ने पहला स्थान, झज्जर की जानवी ने दूसरा स्थान और रोहतक की मुस्कान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, लड़कों के वर्ग में पीयूष ने पहला, हर्ष ने दूसरा स्थान और तिशांत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका हरवीर राठी, विजेंद्र हुड्डा, नीरज राणा, मोहित राठी, आर्यन, साक्षी, सागर, प्रिया, अक्षय फोगाट, पारस, कीर्ति ने निभाई। इस अवसर पर संघ के प्रधान सोमवीर पावरिया, उप प्रधान सत्येंद्र मान, सह सचिव सुरेश, स्कूल प्रिंसिपल रेखा दलाल, विवेक त्यागी, रेनू देशवाल, बबलू नांदल, मनीष वशिष्ठ, सुनील गहलोत आदि मौजूद रहे।

## बसंतोत्सव पर बच्चों ने कार्यक्रम किए प्रस्तुत



**रोहतक।** धनपति देवी ट्रस्ट के नए भवन में मेरा देश मेरा बसंत के तहत आकर्षक प्रस्तुति बच्चों द्वारा प्रदर्शित की गई। बसंतोत्सव पर बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महंत कर्णपुरी महाराज ने अपने पावन सानिध्य में बसंत पंचमी पर पर्व के धार्मिक महत्व को समझाया। मुख्य अतिथि प्रख्यात उद्योगपति नवीन जैन, अध्यक्ष समाज सेवी, कैलाश चंद्र जैन जिन्होंने त्रस्त में एक कमरे का सहयोग किया। विशिष्ट अतिथि गीतकार कवि पंडित वीरेंद्र मधुर ने शिरकत की। नवीन जैन ने बच्चों को देश का भविष्य बताया, उन्होंने कहा ऐसे उत्सवों पर देश भक्ति और संस्कारों से परिपूर्ण कार्यक्रम भावी समाज का निर्माण करने में सहायक बनते हैं। कैलाश चंद्र जैन ने कहा कि हमें हमेशा भविष्य की चिंता करनी होगी, हमें भावी पीढ़ी में अच्छे विचार परोसने होंगे जिस में राष्ट्र की उन्नति शामिल हो सके। कलात्मक रूप से सभी पर्व मनाने चाहिए। कवि पंडित वीरेंद्र मधुर ने अपने गीतों से बसंत की भव्यता को और भी बढ़ा दिया। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से ऋतुओं के आगमन पर कुछ यूं कहा, ओ पलाश के फूल तुम्हारी सुंदरता कैसे दोहराऊं, कुछ पराग के कण लेकर रूठ गया जो उसे मनाऊं, फूलों पर आ गई तितलियों की कसम,जिनसे कान्हा चले उंगलियों की कसम।

# उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना अत्यंत आवश्यकः प्रो.मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला



सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय में शनिवार को समाज के परिवर्तन में उच्च शिक्षा की भूमिका पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कई महाविद्यालय से विषय के शिक्षाविदों ,शोधार्थियों और विषय - विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस सेमिनार के मुख्य अतिथि एमडीयू से प्रोफेसर एएस मान रहे। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा समाज के हर वर्ग को शासक बनने का सबसे प्रभावी माध्यम है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और विकास को सफल बनाने के लिए उच्च शिक्षा का विस्तार और गुणवत्ता में सुधार करना अत्यंत आवश्यक है। तभी हम2047 के विकसित भारत का विकास कर सकते हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी से आई प्रोफेसर सोनिया सुरभि ने कहा कि समाज के सामाजिक आर्थिक और सांस्कृतिक विकास में उच्च शिक्षा की अहम भूमिका है। आज बदलते युग में नवाचार की आवश्यकता पर जोर दिया जाए।

### एनसीसी बी सर्टिफिकेट की लिखित परीक्षा की आयोजित



**रोहतक।** एनसीसी रोहतक मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरदीप सिंह बर्न के नेतृत्व में पीठासीन अधिकारी कर्नल कृष्ण सिंह बुधवार सेना मेडल कमान अधिकारी 1 हरियाणा एनसीसी रोहतक बटालियन एवं पीठासीन अधिकारी कर्नल अमित मैथ्यू कमान अधिकारी 2 हरियाणा कन्या वाहिनी एनसीसी रोहतक के दिशा निर्देशन में बी सर्टिफिकेट की लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया।

# पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन अधिवेशन में चुने नए पदाधिकारी

- नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा, बिना जांच के घोषित 370 भ्रष्ट पटवारियों पर सरकार ने कार्रवाई की तो दिया जाएगा मुंह तोड़ जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जयवीर चहल

सुखपुरा चौक स्थित कर्मचारी भवन में रविवार को राजस्व पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन का त्रिवार्षिक अधिवेशन में संगठन का चुनाव करवाया गया। इसमें जयवीर चहल लगातार दूसरी बार प्रदेशाध्यक्ष चुने गए। इनके अलावा मनीष कुमार यादव को वरिष्ठ उप प्रधान, सन्नी दहिया को महा सचिव, सन्नी डागर को कोषाध्यक्ष, भूपेंद्र को ऑडिटर, अशोक शर्मा को राज्य सचिव, भूपेंद्र को सह सचिव, सुखविंद्र को प्रधान सचिव, कुलदीप, मुकेश, विकास राठी, सुनील तंवर, सतपाल यादव और राजकुमार कानूनगो को उप प्रधान की जिम्मेदारी एसोसिएशन ने दी। संदीप धनखड़ को वरिष्ठ सलाहकार, पटवारी दिलावर, बलवीर सिंह झांझड़िया, रणवीर सिंह यादव, परविंद्र, कष्ण शर्मा, मिनाक्षी खुंडिया, कुमारी कायनात को राज्य सलाहकार नामित किया। इलेक्शन प्रक्रिया सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रांतीय प्रधान धर्मवीर सिंह फोगाट की अध्यक्षता व रोहतक जिला के प्रधान सूरजभान खोखर की देखरेख में पूरी हुई। इस दौरान नव नॉमित पदाधिकारियों ने सरकार को चेताया कि अगर सरकार द्वारा बिना जांच के 370 पटवारियों को भ्रष्टाचारी करार दिया गया है, उन पर कोई कार्रवाई सरकार करती है तो इस मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

# 36 युवाओं ने किया रक्तदान प्रधान दिमाना ने बढ़ाया हौसला

- ऑल इंडिया जाट हीरोज मेमोरियल कॉलेज में लगाया शिविर
- 86 ने स्वास्थ्य जांच करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दीनबंधु सर छोटू राम के जन्मोत्सव पर शनिवार को ऑल इंडिया जाट हीरोज मेमोरियल कॉलेज रोहतक में रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर स्वास्थ्य विभाग रोहतक के सहयोग से लगाया गया। जिसमें 35 युवाओं ने रक्तदान कर पुण्य कमाया और 86 ने स्वास्थ्य जांच करवाई। वहीं दो छात्राओं भाविका व मंजू ने भी रक्तदान कर पुण्य कमाया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, उपप्रधान धर्मराज ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर के संयोजक अजय हुड्डा रहे। इस दौरान मिशन के मुख्य संयोजक डॉ. जसमेर सिंह, महासचिव मुकेश नैनकवाल, सहसचिव अजय हुड्डा सहित मिशन के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। रक्तदान करने वाले युवाओं से जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। रक्तदान करके आप कई लोगों की जान बचा सकते हैं। रक्तदान के लिए सभी को बढ़-चढ़ कर आगे आना चाहिए। उन्होंने रक्तदान कर रहे युवाओं को बैज लगाया और हौंसला अफजाई करते हुए प्रमाण पत्र भी दिए।



सांपला। कुश्ती में दांव पेंच दिखाते पहलवान ।

## गढ़ी सांपला गांव की तरफ से रविवार को 48वीं कुश्ती प्रतियोगिता कराई

**सांपला।** सर छोटूराम की याद में गढ़ी सांपला गांव की तरफ से रविवार को 48वीं कुश्ती प्रतियोगिता कराई गई। सर छोटू राम केसरी का खिताब की पहली कुश्ती दीपक पूनिया व पहलवान अर्जुन के बीच हुई। यह कुश्ती 111000 की थी। दीपक पूनिया ने इस दंगल को अपने नाम कर लिया। कुमार का खिताब सचिन पहलवान के नाम रहा। जबकि पुष्पेंद्र छारा को दूसरा स्थान मिला। अभिमन्यु का खिताब मिर्चपुर निवासी पहलवान अर्जुन के नाम रहा। रोहतक के अजय को दूसरा स्थान और प्रमोद तीसरे स्थान पर रहा। इसके अलावा भी सैकड़ो कुश्तियां हुई। मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद मास्टर जोगिंदर सिंह रहे। उन्होंने विजेता पहलवान को इनाम देकर सम्मानित किया। कमेटी की तरफ से कुश्ती में आयोजित व सहयोगियों का पगड़ी बांधकर स्वागत किया। मंच संचालन पहलवान देवेंद्र व राम रतन द्वारा विजेताओं की एंट्री की गई। कुश्ती कमेटी के आयोजक पहलवान राजकुमार, बबलू प्रधान प्रदीप प्रधान पहलवान रोब सिंह सहित अन्य लोगों का भी सहयोग रहा।

## रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : कौशिक

**रोहतक।** भगवान बाल्मीकि धर्मार्थ सोसायटी एकता कॉलोनी द्वारा रक्त दान शिविर लगाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रवीन कौशिक रहे। प्रवीन कौशिक ने भगवान बाल्मीकि मंदिर निर्माण में अपने निजी कोष से 51000 रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने भगवान बाल्मीकि की महिमा के बारे में बताते हुए कहा की भगवान बाल्मीकि का नाम मात्र लेने से ही भगवान श्री राम के दर्शन हो जाते हैं। कौशिक ने कहा की रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इससे जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने मे सहायता मिलती है। युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि युवा फोन, सोशल मीडिया व नशे से जितना दूर रहेंगे उनका उतना ही मानसिक व शारीरिक विकास होगा। इस अवसर पर समिति के प्रधान कृष्ण मुरारी, विजेंद्र कमांडो, सतीश खरब, राहुल, निक्कु, मोहित, रविन्द्र पहलवान, विशु आदि मौजूद रहे।






## द आर्यन ग्लोबल स्कूल में मनाया बसंत पंचमी उत्सव, मां सरस्वती की प्रार्थना

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सभी छात्रों ने मां सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए प्रार्थना की। विद्यालय में सुबह की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने मिलकर मां सरस्वती की वंदना की। इसके बाद, छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया, जिसमें नृत्य, कविताएं और भक्ति गीत शामिल रहे। छात्रों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### हरियाणा वेटरन एथलेटिक एसो. की स्टेट कार्यकारिणी की मीटिंग संपन्न



**रोहतक।** हरियाणा वेटरन एथलेटिक एसोसिएशन की स्टेट कार्यकारिणी की मीटिंग रोहतक में संपन्न हुई। जिसमें 34 वें राज्य स्तरीय वेटरन खेलो का आयोजन 23 फरवरी 2025 को महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के खेल परिसर में करवाने का निर्णय लिया गया, इसमें चीफ गेस्ट के चुनाव का अधिकार जनरल सेक्रेटरी को दिया गया है। इस चैंपियनशिप में जिन का सिलेक्शन होगा। वे मैसूर में होने वाले 44 वें राष्ट्रीय वेटरन खेलों में भाग ले सकेंगे। इस मीटिंग में हरियाणा वेटरन एथलेटिक एसोसिएशन के प्रधान सुरेश लाठर, उप प्रधान रामकरण हुड्डा, उमेदवती हुड्डा और देवी सिंह सैनी, जनरल सेक्रेटरी गुलाब सिंह दलाल, ज्वाइंट सेक्रेटरी महेंद्र धनखड़ व कोषाध्यक्ष संजीव सैनी तथा अन्य कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए।



## श्री बालाजी धाम गांव डोभ पहुंची पैदल ध्वजा यात्रा

**रोहतक।** भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम गांव डोभ के संस्थापक प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक रविवार को शनि देव मित्र मण्डल तेज कॉलोनी रोहतक एवं भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर भिवानी स्टैंड से सुबह 10 बजे पैदल ध्वजा यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ के लिये चलती है। धाम पर संकीर्तन, स्वास्थ्य जांच शिविर व छोले चावल भंडारे का आयोजन किया जाता है। श्री दुर्गा भवन मंदिर से प्रधान ने ज्योत प्रचण्ड कर के यात्रा कि शुरुआत की सभी हाथ में ध्वजा लिये जय श्री राम के जयकारे लगाते हुये श्री बालाजी धाम डोभ पहुंचे। रास्ते में भक्तों के लिये तीन जगह जलपान और नास्ते का प्रबंध किया जाता हैं जगदम्बा ट्रेक्टर ने भक्तों के लिए चाय, बिस्किट , नमकीन का प्रबंध किया और मन्दिर से भक्तों की वापसी के लिये निःशुल्क ऑटो उपलब्ध करवाई जाती है। प्रधान ने बताया कि प्रत्येक रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाता है जिसमे आंख-दांत जांच, फ़िजियोथेरेपिस्ट, मेडिसिन और देशी वैध द्वारा इलाज किया जाता है। जिसमे सभी प्रकार कि दवाईयां और चश्मे निशुल्क दिये जाते है। साथ ही बालाजी का सुन्दर संकीर्तन हुआ जिसमे पूनम सेन रोहतक ने सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया साथ ही रिंकू महादेव द्वारा सुन्दर सुन्दर झाकियों प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से रमेश गुप्ता, हर्षित कोचर, नवीन तनेजा,,बल्लू शाह, जतिन ठकराल,रवि चिटकारा, राम गुप्ता , धर्मपाल रोहिल्ला, बिट्टू दुआ,पवन चोपड़ा, चौ. कर्ण सिंह, पंडित नरेश कौशिक अमित कौशिक पवन शरीन राममोहन सैनी एवं अन्य भक्तजन उपस्थित रहे ।

**खेल** | मोखरा कॉलेज में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

# अंकित व मुस्कान ने जीता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब

- खेल प्रबंधन सहायक प्रोफेसरसंदीप कुमार दांगी ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम





**महम।** हाई जंप करता मोखरा गवर्नमेंट कॉलेज का खिलाड़ी और मोखरा के साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक खेलों के दौरान मटका दौड़ में भाग लेती छात्राएं।

साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय मोखरा में आठवीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगीता का आयोजन किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर ,400 मीटर रेस ,1600 मीटर रेस आयोजित की गई। इसके अलावा लोंग जम्प, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, मटकी रेस व भाला फेंक मुकाबलों का आयोजन किया गया । प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ प्राचार्या डॉ सीमा जैन ने किया। प्रिंसिपल ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने से युवक युवतियों में सहयोग की भावना का विकास होता है और निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। खेलों में भाग लेकर खिलाड़ी रोजगार हासिल कर सकते हैं और साक्षी मलिक की तरह देश का नाम भी रोशन कर सकते हैं। खेल कूद प्रतियोगिता के अंत में बी. ए. प्रथम वर्ष के छात्र अंकित और बी. ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा मुस्कान सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। मंच संचालन सुनीता धनखड़ असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान ने किया। खेल प्रबंधन संदीप कुमार दांगी सहायक प्रोफेसर हिंदी ने किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सीमा जैन, ईश्वर सिंह, सोनिया, डॉ विनोद कुमार, संदीप कुमार, सुरेश कुमार, संदीप कुमार, अमित, कृष्ण यादव, रविंद्र, आशीष मलिक, मोहित, प्रवीण कुमार, सुखबीर सिंह आदि स्टाफ मेंबर्स मौजूद रहे। इनके अलावा मोखरा गांव से भूतपूर्व सैनिक राजबीर, राम किशन, रामकुमार, बलवान सिंह, हरी राम, धर्मवीर मलिक, राजिंदर, हरज्ञान, रामकुमार और राम किशन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा की

**रोहतक।** विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती का पर्व- सरस्वती पूजा पीजीआईएमएस के पीजी डॉक्टर्स पार्क में पूरी आस्था, उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस सरस्वती पूजा उत्सव में डॉक्टर्स समेत बंगाली समुदाय के सदस्य शामिल हुए। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना पारंपरिक पुष्पांजलि अर्पित कर मां सरस्वती की पूजा-आराधना की। मां सरस्वती को फूल-फल-मिठाई, आदि का भोग लगाया गया। बसंत पंचमी उत्सव का आयोजन डॉ सागर शर्मा ने दीप प्रज्वल करके किया।

### आंगनवाड़ी सुपरवाइजर ने किया जागरूक

**महम।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा खंड महम के बहलबा गांव में 10 से 18 वर्ष की लड़कियों को महावारी से होने वाली बीमारियों से बचाव और सेनेटरी पेडस के इस्तेमाल के तरीके बारे में जागरूक किया। जागरूकता अभियान के माध्यम से लड़कियों को स्वच्छता को लेकर समझाया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी सुपरवाइजर अलका ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि हर महीने महिलाओं को होने वाली समस्याओं से रुढ़िवादी सोच के चलते बात करने से महिलाएं बचती हैं।

### दीपक बने यूथ फैडेरेशन के जिला चेयरमैन

**रोहतक।** सैनी यूथ फैडेरेशन (एसवाईएफ) की जिला रोहतक ईकाई का चुनाव रोहतक प्रभारी एवं कैथल जिला चेयरमैन मंदीप सैनी की देख रेख में संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से सैनी शिक्षण संस्था के कार्यकारिणी सदस्य एवं समाजसेवी दीपक सैनी को एसवाईएफ रोहतक जिला का चेयरमैन चुना गया। इसके अलावा पंकज सैनी को वाइस चेयरमैन, सैनी कॉलेज कार्यकारिणी समिति के महासचिव प्रदीप सैनी एडवोकेट को जिला अध्यक्ष, ज्योति सैनी को उपाध्यक्ष, हिमांशु सैनी को महासचिव, विकास सैनी को सचिव, सचिन सैनी को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में विशांत सैनी, राहुल सैनी, टिंकू सैनी, मोहित सैनी व गौरव सैनी को मनोनीत किया गया।

### पौधारोपण कर मनाया आदर्श भूमि दिवस

**महम।** रविवार को आर्यन पब्लिक स्कूल लाखन माजरा के एनसीसी कैडेट ने पौधे लगाकर आदर्श भूमि दिवस मनाया। एनसीसी के 50 कैडेट्स ने मिलकर 50 पौधे दादा बारसी वाला के तालाब पर व मंदिर परिसर में लगाए। एनसीसी अफसर अवन सिंह ने बताया कि विश्व आदर्श भूमि वह क्षेत्र है जहां पानी मिट्टी को ढकता है। पूरी दुनिया में 2 फरवरी को विश्व आदर्श भूमि दिवस के रूप में मनाया जाता है। आदर्श भूमि दिवस का आयोजन हमारे व हमारे ग्रह के लिए आदर्श भूमि की महत्वपूर्ण भूमि के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जाता है।

# चौधरी छोटूराम जन्मोत्सव पर जाट कॉलेज ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

- सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों की रही धूम
- स्मृति चिह्न पाकर अभिभूत हुए विजेता प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




चौधरी छोटूराम के 144वें जन्मोत्सव पर जाट कॉलेज में शनिवार को देर सायं तक चली महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में जाट कॉलेज के विद्यार्थी ओवरऑल ट्रॉफी के विजेता बने। वहीं छोटूराम बीएड कॉलेज रनर अप ट्रॉफी का विजेता बना। दो दिवसीय प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी विद्यार्थियों को जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, उप प्रधान धर्मराज, महासचिव नवदीप सिंह, कोषाध्यक्ष सुधीर हुड्डा, कॉलेजियम सदस्य, सीआरसी की प्रधान डॉ. शबनम राठी व सभापति नरेश ढुल ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सफल आयोजन के लिए प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने सभी को शुभकामनाएं व आशीर्वाद दी। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे जैसी बुराई के खिलाफ काम करने का आह्वान किया। उन्होंने रहबर-ए-आजम दो दिवसीय आयोजन पर पहुंचने पर सभी आंगतुकों का आभार जताया।

निर्णायक मंडल में डॉ. सोनिया मलिक, डॉ. मनोज सांगवान, वीरेंद्र फौगाट, गुलाब सिंह, धर्मसिंह अहलावत, डॉ. सुनीता मलिक, डॉ. मनोज मलिक रहे। गायककार राधेश्याम सैनी ने दीनबंधु पर रागिनी गाकर सभी का मन मोह लिया। छात्र जतीन मलिक ने रेडियो जॉकी की तरह जाट शिक्षण संस्थाओं का गुणगान किया। रविवार को हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में रंगोली प्रतियोगिता में छोटूराम बीएड कॉलेज की मनीषा प्रथम, मातूराम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मेनेजमेंट की आंचल द्वितीय, जाट कॉलेज से साहिल तीसरे स्थान पर रहे। पेंसिल स्केचिंग में राजकीय महिला कॉलेज की भावना प्रथम, जाट कॉलेज की हिमांशी द्वितीय, एमकेजेके से हंसिका तीसरे स्थान पर रही। कविता पाठी में स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ स्टडीज इन टीचर एजुकेशन से दक्षिता प्रथम, राजकीय महिला महाविद्यालय जसिया की अनीश द्वितीय, जाट कॉलेज के जतीन मलिक तीसरे स्थान पर रहे।

### भाषण प्रतियोगिता में एमडीयू लॉ विभाग से कीर्ति प्रथम

एमडीयू लॉ विभाग से ही अंकिता पांडे द्वितीय छोटूराम विधि कॉलेज से प्रकृति तीसरे और जाट कॉलेज के जतीन मलिक को दीनबंधु चौधरी छोटूराम विशेष पुरस्कार मिला। समूह गान में छोटूराम बीएड कॉलेज की मुस्कान एंड टीम प्रथम, एमकेजेके से प्रिया एंड टीम द्वितीय स्थान पर रही। ग्रामीण हस्तकला स्पर्धा में जाट कॉलेज के कुमार सूर्योत्तम प्रथम, मातूराम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मेनेजमेंट से तमन्ना द्वितीय, छोटूराम विधि कॉलेज से अक्षिता तीसरे स्थान पर रही। ऑन द स्पॉट पेंटिंग स्पर्धा में एमकेजेके से हर्षिता प्रथम, राजकीय महिला कॉलेज से पायल द्वितीय, लालनाथ हिंदू कॉलेज से यश तीसरे स्थान पर रहे। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में छोटूराम बीएड कॉलेज से अंजलि प्रथम, छोटूराम पालीटेक्निक से अंजलि कुमारी द्वितीय, मातूराम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मेनेजमेंट से नन्सी व अर्पित तीसरे स्थान पर रहे। लोकगीत रागिनी में जाट कॉलेज के अरमान प्रथम, गौड़ ब्राह्मण कॉलेज से ईशा द्वितीय, सीआर एजुकेशन से मुस्कान तीसरे स्थान पर रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को कॉलेजियम सदस्य डॉ. कपूर सिंह, सुरेंद्र ढुल, राजेश तहलान, जोगेंद्र कोच, जयकंवर नीटू, पवन कादियान, वेदपाल नैन, राजपाल बुधवार, वेदपाल, प्रदीप मलिक, डॉ. आजाद हुड्डा, सुखबीर हुड्डा सहित कई कॉलेजियम सदस्यों ने अपना आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी।

### व्यंजनों की लगाई स्टॉल

जाट कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने हरियाणवी व्यंजनों का स्टॉल लगाया। जिसमें विद्यार्थियों ने हरियाणवी पहनावे में बाजरे की खिचड़ी, रोटी, रायता, मक्खन के साथ परोसे गए। वहीं खीर के साथ शक्कर का स्वाद भी लाजवाब रहा। इसमें जतिन, कमल, करण, अंशु, कृष्णा ने विशेष योगदान दिया। हरियाणवी विरासत के संरक्षक रघुविंद्र मलिक द्वारा एक प्रदर्शनी का आयोजन भी इस मौके पर किया गया।

## आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा दयानंदमठ में मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन

# परमपिता परमात्मा की आज्ञा का हमेशा करें पालनः आचार्य संतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा दयानन्द मठ में रविवार को मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सुबह यज्ञ द्वारा किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य संतराम रहे। उन्होंने हुए बताया कि परमपिता परमात्मा की आज्ञाओं का हमें कठोरता से पालन करना चाहिए एवं ऋषि-मुनि, महापुरुषों के बताए हुए मार्ग पर चलने का प्रयत्न करना चाहिए। इसके बाद सत्यनारायण आर्य, राजकुमार आर्य एवं रवींद्र शास्त्री के पुत्र कर्ण आर्य एवं अर्जुन आर्य आदि द्वारा भजनों के माध्यम से देश-भक्ति, भारत देश की वर्तमान दुर्दशा तथा ऋषिवर देवदयानंद द्वारा समाज के लिए किए गए उपकार आदि के बारे में सुंदर संदेश दिया। मंच संचालन सुभाष सांगवान प्रधान वेदप्रचार मण्डल किया। उन्होंने कहा कि हम सबको वेद का पठन-पाठन तथा महापुरुषों को याद करना चाहिए, जिनसे हमें प्रेरणा मिलती है। उन्होंने डॉ. बलदेव के बारे में विस्तार से परिचित कराया। इसके साथ ही महर्षि दयानंद सरस्वती से संबंधित अनेक संस्मरण सुनाए। किताबो देवी पत्नी करतारसिंह हुड्डा पुत्र हरिराम, पाना बोदयाण, ग्राम सांघी, ने 40 हजार रुपये मासिक वैदिक सत्संग के लिए दान दिए।



रोहतक। मासिक वैदिक सत्संग को सम्बोधित करते मुख्यवक्ता वैदिक विद्वान डॉ. बलदेव। *फोटो : हरिभूमि*



रोहतक। मासिक वैदिक सत्संग में उपस्थित आर्य समाजी।

मुख्यवक्ता वैदिक विद्वान डॉ. बलदेव ने बहुत ही सुन्दर एवं सरल शब्दों में प्रवचन के माध्यम से मनुष्य के उत्तम जीवन के प्रमुख उद्देश्य पर विचार रखे। उन्होंने सर्वप्रथम वेदमन्त्र का उच्चारण किया तथा बताया कि हम सबका सौभाग्य है कि हम आर्यावर्त देश में जन्म लिए हैं और जन्म के बाद महर्षि दयानन्द सरस्वती का आशीर्वाद भी हम लोगों को प्राप्त हुआ है। आप बहुत सौभाग्यशाली हैं जो कि वैदिक सत्संग में बैठे हैं, जिसमें सत्यासत्य का निर्णय करके परमपिता परमात्मा का ध्यान करना बताया जाता है। इसके बाद उन्होंने महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा निर्धारित प्राचीन गुरुकुल की शिक्षा, दिनचर्या, उद्देश्य तथा उनके लाभ के बारे विस्तार से बताया। हमें अच्छे कर्म करने चाहिए, जिससे हमारा उत्तरोत्तर उन्नति हो, तभी हम दूसरों को भी आर्य बना सकेंगे, जबकि पहले की अपेक्षा आज गति ज्यादा होनी चाहिए परन्तु कम है। इस ओर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। यहां आचार्य संतराम, हवासिंह राठी, रामकिशन बाल्याण रिटायर्ड तहसीलदार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बच्चों को सत्संग में लाना चाहिए

*डॉ. बलदेव ने आर्यसमाज के उद्देश्य तथा आज की आर्यसमाज की स्थिति एवं बढ़ते हुए महत्त्वांकाक्षाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को आर्यसमाज के सत्संगों में अवश्य लाना चाहिए, जिससे वे संस्कारित बन सकें। उन्होंने सभी आर्यजनों को स्वाध्याय एवं सत्संग से जोड़ने का भी प्रयास किया और कहा कि हम आर्यों को पुरुषार्थ एवं शुभकर्म करते हुए तथा अच्छे लोगों के संसर्ग में आकर अपने जीवन को बदलना चाहिए।*




### वालंटियर ने चिकित्सा शिविर में लिया भाग

**रोहतक।** सैनी इंस्टिट्यूट ऑफ गर्ल्स एजुकेशन की वाईआरसी टीम ने बसंत पंचमी पर कालेज में लगे निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में वालंटियर के तौर पर भाग लिया। कॉलेज की वाईआरसी कोऑर्डिनेटर पूजा सैनी ने बताया कि बसंत पंचमी पर आयुष विभाग द्वारा निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें कालेज की वाईआरसी टीम ने कैंप में वालंटियर के तौर पर भाग लिया। इन्होंने पंजीकरण से लेकर ओपीडी तक डॉक्टरों, स्टाफ एवं मरीजों से समन्वय कर कैंप में आए मरीजों को कोई परेशानी नहीं होने दी। प्रिंसिपल अलका पत्र ने बताया कि कॉलेज में सभी वाईआरसी वॉलिंटियर्स को सम्मानित किया जाएगा। कैंप में एकता, हिमानी, अंजू, कविता, महिमा, श्वेता, सिमरन, तानिया ने भाग लिया।




### चौधरी छोटूराम को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**रोहतक।** छोटूराम पार्क में बसंत पंचमी के अवसर पर दीन बंधु सर छोटूराम की 144वीं जयंती समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि प्रेमलता, पूर्व विधायक, ओम प्रकाश बेरी, महेंद्र सिंह धनकड़, चांद सिंह फौगाट, वीरेन्द्र सिंह राठी, विक्रम सिंह एडवोकेट, सतबीर सिंह, अजयवीर सिंह, प्रदीप सिंह और छोटूराम ममौरियल सोसायटी के सभी सदस्यों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। समारोह की शुरुआत हवन से हुई। लोकगायकों ने भजन और गीत के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। समारोह में ओम प्रकाश बेरी को सम्मानित किया गया। ओम प्रकाश बेरी ने बताया कि चौधरी छोटूराम सच्चे समाज सुधारक, किसान कमेरे वर्ग के हितैषी व दूरदर्शी सोच के जननेता थे।

# पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विवि में बसंत पंचमी का त्योहार उत्साह से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में रविवार को बसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पोस्ट ग्रेजुएट चिकित्सकों के हॉस्टल में रेजीडेंट डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा सरस्वती वंदना और पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल उपस्थित हुए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्रों और चिकित्सकों ने बसंत पंचमी के त्यौहार को मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।



रोहतक। सरस्वती वंदना और पूजा अर्चना करते मुख्यअतिथि कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल। *फोटो : हरिभूमि*

इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों को बसंत पंचमी की बधाई देते हुए कुलपति डॉ एच के अग्रवाल ने कहा कि वह एक दशक तक इसी पीजी हॉस्टल के वार्डन के पद पर रहे हैं और उन्हें यहां आकर काफी खुशी मिलती है। डॉ अग्रवाल ने कहा, बसंत पंचमी का त्यौहार ज्ञान और संस्कृति के महत्व को दर्शाता है। हमें इस त्यौहार के माध्यम से ज्ञान और संस्कृति के महत्व को समझना चाहिए और अपने जीवन में इसका पालन करना चाहिए। डीन एकेडमी अफेयर्स डॉ ध्रुव चौधरी ने कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार की गतिविधि करते रहना चाहिए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुंदन मित्तल ने कहा कि इस त्यौहार के माध्यम से हम अपने छात्रों और चिकित्सकों को संस्कृति के महत्व के बारे में जागरूक कर सकते हैं।

# महिला बैडमिंटन टीम ने जीता स्वर्ण

- मेजबान उत्तराखंड की टीम को 3-1 से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



देहरादून में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा की महिला बैडमिंटन टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण जीता और खिताब पर कब्जा जमाया। यह जानकारी देते हुए बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष व हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अजय सिंघानिया ने बताया कि हरियाणा की महिला बैडमिंटन टीम ने फाइनल मुकाबले में मेजबान उत्तराखंड की टीम को 3-1 से पछाड़ कर खिताब अपने नाम किया। हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के प्रधान रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र सिंह एवं बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष व हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अजय सिंघानिया ने इस ऐतिहासिक जीत पर अपार हर्ष जाहिर करते हुए विजेता टीम को 5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। हरियाणा की इस विजेता टीम में खिलाड़ी देविका सिहाग, अनमोल खरब, उन्नति हुड्डा, मेधावी नागर, रिद्धि कौर तूर, साक्षी गहलावत, अपूर्वा, तन्नु मलिक, इशु मलिक व जिया रावत शामिल हैं। टीम के कोच रविकांत सिंगला हैं।

## आर्य समाज मॉडल टाउन की तरफ से वार्षिकोत्सव मनाया

# धर्मवीर हकीकत राय के बलिदान से लें प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बालक हकीकत राय का बलिदान हमें धर्म रक्षा की प्रेरणा देता है। ये विचार आर्य समाज मॉडल टाउन द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन राजस्थान से आए मुख्य वक्ता स्वामी सच्चिदानंद ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज वीर हकीकत के बलिदान को याद रखे। हमारे पूर्वजों ने सतत संघर्ष कर के धर्म की रक्षा की है। हिन्दू संस्कृति पर होने वाले वैचारिक आक्रमण का सामना करने के लिए सत्यार्थ-प्रकाश पढ़ें। एडवोकेट दयानंद आर्य ने स्वामी दयानंद की 200वीं जयंती के उपलक्ष में अपने विचार रखे। इससे पूर्व यज्ञ का संपादन पंडित संजीवन कुमार ने करवाया। सुयशा ने कविता वसंत पंचमी दे रही संदेश ये, वीर भूमि है हमारा देश ये, सर कटा कर धर्म की रक्षा करे, अन्यायी हो बलवान तो भी न डरे, सुनाकर वीर हकीकत की यादें ताज़ा की। मुख्य भजनोपदेशक दिनेश पथिक ने अपने गीतों के माध्यम से ऐतिहासिक महापुरुषों का गुणगान किया। डॉ. सुशील आर्य ने आर्य समाज की अमरता की कामना करते हुए गीत प्रस्तुत किया। डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों ने समूह-गान प्रस्तुत किया। आर्य वीर दल की रूप नगर शाखा के बच्चों ने विलक्षण प्रस्तुतियां दी। हिसार से आए आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के मंत्री सत्यपाल आर्य तथा प्रिंसिपल शंकर लाल सहगल विशिष्ट अतिथि रहे। सभी अतिथियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन प्रधान देशराज आर्य ने किया। इस अवसर पर मंत्री रमेश बतरा, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत सिक्का, बलराज खुराना, मुकेश टक्कर, डॉ. विनोद बिंद्रा, प्रेम प्रताप जुनेजा, समीर सागर, ओमप्रकाश मिगलानी, अंकुर अरोड़ा आदि मौजूद रहे।





### महाराज राजा भोज के समाज में योगदान को याद किया



**रोहतक।** राजपूत धर्मशाला में बसंत पंचमी पर्व पर चक्रवर्ती सम्राट महाराजा राजा भोज की जयंती मनाई गई और पोस्टर का भी विमोचन किया गया। इस दौरान राजा भोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राजपूत महासभा के वरिष्ठ उपप्रधान डॉ. सुरेंद्र परमार ने महाराज राजा भोज के जीवन वृतांत पर प्रकाश डालते हुए देश और समाज में उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर प्रधान रणबीर तंवर, भोपाल सिंह, सुधीर परमार, पूर्व प्रधान जगजीत परमार, डॉ. जसवीर परमार, सुरेंद्र परमार, सतपाल परमार, राजेंद्र चौहान, संजीत चौहान, विजय पुंडीर, पवन चौहान, संजीव राजपूत मोखरा आदि मौजूद रहे।

### योग का महत्व बताया

**रोहतक।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जसिया में एनएसएस कैंप के तीसरे दिन प्रोग्राम ऑफिसर पुष्पा ने बच्चों को बताया कि बसंत पंचमी का दिन माता सरस्वती का दिन होता है, माता सरस्वती को विद्या, ज्ञान, धन और संगीत की देवी माना जाता है। सभी बच्चों ने सरस्वती वंदना की और एनएसएस गीत गाया। उन्होंने बच्चों को योग और प्राणायाम करवाया। साथ ही बच्चों को योग का महत्व बताया। बच्चों ने स्कूल प्रांगण की सफाई की।

श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सैक्टर 14, हिसार
मो. 8571024131, 8708655938
प्यार मोहब्बत, किया/कराया, जादु-टोना, गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन कारोबार में बरकत ना होना, पशुधन बर्बाद होना, धन की बर्बादी, पढ़ाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो, जड़ से होगी खत्म
जब कभी भी ना बना हो काम
तो होगा गारन्टिड समाधान
पं. तुषार शर्मा
गोल्ड मेडलिस्ट
हर रोज मिलें
सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक

## शहर में आज

- लघु सचिवालय में समाधान शिविर में सुनी जाएंगी समस्याएं।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।

## बिजली कट

- सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक रोहतक सेक्टर 3 के अंदर 132 केवी सब स्टेशन,

भालोठ 33 केवी पावर हाउस, गांव भालोठ, पाकस्मा, कसरेटी, नौनंद, किलोई, रुड़की, पोलंगी और मुगाण किलोई, बलियाणा,

- कंसाला 33 केवी पावर हाउस, कंसाला, मोरखेडी, हुमायूंपुर, गोरड, बखेता

## खबर संक्षेप

### गोहाना रोड पर हादसा बाइक सवार की मौत

**रोहतक।** गोहाना रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक की पहचान रमन निवासी संजय नगर के रूप में हुई। मृतक किसी काम से अंबाला जा रहा था और मकडौली टोल क्रॉस करने के बाद हादसे का शिकार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### होटल व पेट्रोल पंप पर कब्जे का प्रयास

**रोहतक।** खरावड़ स्थित होटल व पेट्रोल पंप पर कब्जे करने का प्रयास किया गया। व्यापारी ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अवतार सिह कोचर निवासी भिवानी स्टैंड ने बताया कि दिल्ली रोड साई मन्दीर के पास चहल-पहल होटल व एक पट्रोल पम्प है। यह जमीन उन्होंने करीब 25 साल पहले खरीदी थी। इस जमीन पर 16 जनवरी को कुछ व्यक्तियों ने कब्जा करने की कोशिश की। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी थी। पुलिस ने कुछ दिन का समय दिया। लेकिन रविवार को औमप्रकाश अपने साथ कई व्यक्तियों को लेकर आया जिनके हाथ में डंडे व सरिया थे।

### शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का होगा आयोजन

**कलानौर।** एलबीएस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काहनौर में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का विषय कक्षा प्रबंधन, प्रभावी और तनावमुक्त शिक्षण रहा। सत्र का संचालन शिव शंकर यादव द्वारा किया जाएगा।

## पॉवर हाउस स्थित बिजली सेवा केंद्र पर किया औचक निरीक्षण, बिजली निगम के अधिकारियों में मचा हड़कंप

**ऊर्जा मंत्री ने बिजली सेवा केंद्र में शिकायतकर्ताओं से की बातचीत**

**विज ने कंप्यूटर से डाटा निकाल कर जांचा**

# एसई साहब मैं एसी कमरे वाला नहीं फिल्ड का आदमी हूं: अनिल विज

- विज के संबंधित अधीक्षक अभियंता को निर्देश-जो शिकायतें 4 घंटे से ज्यादा तक हल नहीं हुई उनकी जांच करते हुए संबन्धित स्टाफ से स्पष्टीकरण लिया जाए तथा रिपोर्ट मेरे पास भेजी जाए
- एक शिकायत के निवारण न होने पर संबंधित स्टाफ के खिलाफ स्पष्टीकरण निकालने के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने रविवार को शहर में स्थित बिजली सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जब निगम के एसई मनिंदर सिंह सफाई देने लगे तो अनिल विज ने साफ कहा कि वे ए.सी कमरे वाले नहीं बल्कि फिल्ड के आदमी हैं, इसलिए वह सब कुछ जानते हैं। उन्होंने अधिकारियों को अपना काम ईमानदारी से करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि आमजन की शिकायतों का तत्काल निवारण होना चाहिए किसी को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने संबंधित अधीक्षक अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि जो शिकायतें 4 घंटे से ज्यादा तक हल नही हुई उनकी जांच करते हुए सम्बन्धित स्टाफ से स्पष्टीकरण लिया जाए तथा इसकी रिपोर्ट मेरे पास भेजी जाए। दरअसल, ऊर्जा मंत्री रोहतक में एक धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने बिलजी सेवा केंद्र में निरीक्षण किया। जिससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया और इस निरीक्षण के तुरंत बाद ही बिजली विभाग के अधिकारी तुरंत सेवा केंद्र में पहुंच गए।



**रोहतक।** बिजली सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण करते ऊर्जा मंत्री अनिल विज।



**रोहतक।** अधीक्षक अभियंता से जानकारी लेते ऊर्जा मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

### खुद कम्प्यूटर चेक किया

औचक निरीक्षण के दौरान अनिल विज सेवा केंद्र में जाते ही शिकायतों की जानकारी लेने लिए सीधे कंप्यूटर पर बैठ गए। वह खुद रिकार्ड चैक करने लगे तो कर्मचारियों को सर्दी में भी पसीना आ गया। कर्मचारी जवाब देने की कोशिश करने लगे। अनिल विज ने सम्बंधित कर्मचारी से शिकायतों की जानकारी हासिल की। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से शिकायत किस प्रकार से आती है और उसका क्या-क्या माध्यम होता है उसकी जानकारी भी हासिल की और शिकायत किस प्रकार से अपने कंप्यूटर पर चढ़ाते हो, की भी जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि मैं हर मामले को जानता हूं कोई छिपा नहीं हैं।

### लोगों को फोन कर बोले-अनिल विज बोल रहा हूं...

औचक निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री ने कंप्यूटर से डाटा निकाल कर तीन शिकायत कर्ताओं से टेलीफोन पर बात की। उन्होंने फोन कर कहा कि वह अनिल विज बोल रहे हैं। आपकी शिकायत पर कार्रवाई हुई या नहीं। एक शिकायतकर्ता की शिकायत 24 घंटे बीतने के बाद हल नही होने पर एसई को जांच कर सम्बन्धित स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की निर्देश दिए।

### शिकायतकर्ताओं ने कहा-उनकी शिकायत का निवारण नहीं हुआ

औचक निरीक्षण के बाद पत्रकारों को बताया कि उन्होंने स्वयं शिकायतकर्ताओं से टेलीफोन पर बात की जिसमें कुछ शिकायतकर्ताओं ने कहा कि उनकी कंप्लेंट का निवारण कर दिया गया है तो वही तो कुछ शिकायतकर्ताओं ने कहा कि उनकी शिकायत का निवारण नहीं हुआ है और सारा दिन लाइट नहीं आई है। इस पर उन्होंने संबंधित एसई को जांच कर संबंधित स्टाफ के खिलाफ स्पष्टीकरण निकालने के निर्देश दिए हैं और रिपोर्ट उनको भेजने के लिए कहा गया है।

### मंत्री पद छीन लेंगे तो छीन लें एमएलए पद तो नहीं छीन सकते

**रोहतक।** बिजली और परिवहन मंत्री अनिल विज ने रविवार को कहा कि हमारी पार्टी और सरकार सही से ठीक काम करे उसके लिए मुख्यमंत्री को विधायकों मंत्रियों और लोगों की सुननी चाहिए। क्या सीएम नहीं सुन नहीं रहे तो बोले जब मैं बोल रहा हूं बात सुने। केबिनेट मंत्री श्याम सिंह द्वारा उनकी सुनवाई वाले दावे की भी अनिल विज ने पोल खोलते हुए कहा कि उनकी सुनवाई होने लगी तो अच्छी बात है मगर खुद दस दिन पहले मुझे फोन कर बोले थे कि यमुनानगर के अधिकारी मेरी नहीं सुनते हैं आप एक बार बोल दे। हिसार में कैबिनेट मंत्री नगर द्वारा हिसार के जिला खाद्य एंड सप्लाई अधिकारी को सस्पेंड करने बाद सरकार द्वारा बहाल करने और उसी जगह पोस्ट देने के सवाल पर कहा यह काम सरकार का है सरकार क्या कर रही मुझे जानकारी नहीं है। विज बोले कि उन्होंने सरकारी कोठी ली नहीं, एक कार है। कार छीन लेंगे वे कार दे देंगे। मंत्री पद छीन लेंगे तो छीन लें, एमएलए पद तो नहीं छीन सकते है।

## कथा के दौरान भजनों की अमृत वर्षा में श्रद्धालुओं के साथ झूमे परिवहन मंत्री विज

# हमारी समृद्ध सनातन संस्कृति ही भारत की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा के परिवहन, बिजली एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हिंदुस्तान अपनी प्राचीन समृद्ध सनातन संस्कृति के लिए जाना जाता है। हमारे पवित्र धार्मिक अनुष्ठान और सनातन परंपरा हिंदुस्तान का निर्माण करती है। यह भारतीय संस्कृति की पहचान है। ऋषि मुनियों और संतों की वाणी ने हमेशा समाज को सही रास्ता दिखाने का काम किया है। धार्मिक अनुष्ठान जीवन की बाधाओं को पार करते हैं।

विज रविवार को माता दरवाजा स्थित परम सिद्ध पीठ संकट मोचन मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय हनुमान कथा के समापन अवसर अपना संदेश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी उमंग और जोश का दिन है। यह संगीत और ज्ञान का दिन है। बसंत पंचमी झूमने, नाचने, गाने तथा हंसने और हंसाने का दिन है। यह दिन प्रकृति के साथ-साथ इंसान में भी सकारात्मक बदलाव लाता है। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड के बाद मौसम खुशनुमा होता है और मौसम सुहानी करवट लेता है। बसंत ऋतु में पक्षी भी अपने घोसलों से बाहर आकर प्रकृति का आनंद लेते हैं।



**रोहतक।** विज को स्मृति चिन्ह देते भाजपा प्रदेश सचिव गुलशन भाटिया।



ध्वजारोहण करते अनिल विज व साथ है साध्वी मानेश्वरी देवी व भक्तजन।



### भजनों पर भाव विभोर हुए मंत्री

तीन दिवसीय हनुमान कथा के दौरान भजन गायिका दीदी मीनाक्षी ने राधा-कृष्ण के भजनों की भी भाव विभोर करने वाली प्रस्तुति दी। इस दौरान पंडाल में उपस्थित भारी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ-साथ परिवहन मंत्री भी झूमे और जीवन में खुश रहने का संदेश दिया। कथा के दौरान मौजूद गोकर्ण धाम के महंत कपिल पुरी महाराज और संकट मोचन धाम की पीठाधीश मानेश्वरी देवी ने अनिल विज पर पुष्प वर्षा की। इस पर परिवहन मंत्री ने संतजनों को माला पहनकर उनका अभिनंदन किया।

### मौजूद रहे

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सचिव गुलशन भाटिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, बिजली निगम एसई मनिंदर काद्यान और कार्यकारी अभियंता सीमा नारा, एडवोकेट पीएन कथूरिया, प्रदीप जैन, अशोक जिंदल, डॉ आदित्य बतरा, नवीन बहल, तरुण सन्नी शर्मा, पदम ढुल, मनीष शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### विज ने पूर्व मेयर मनमोहन गोयल के घर पर जाकर जाना उनका हाल-चाल

परिवहन मंत्री अनिल विज पूर्व मेयर मनमोहन गोयल के घर पर पहुंचे। उन्होंने वहां मनमोहन गोयल का हाल-चाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान गोयल ने परिवहन मंत्री को बताया कि महाकुंभ में स्नान करने के लिए गए थे, आते वक्त उनका अचानक पैर फिसल गया, जिसे पैर में चोट आई है, लेकिन अब वे पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं।


**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**

सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400

मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20


**कार्यक्रम** कैंसर जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में बोले-कुलपति डॉ. अग्रवाल

# एक सिगरेट भी फेफड़ों के लिए घातक साबित हो सकती है और कैंसर का बन सकती कारण

- डॉ क अग्रवाल ने आमजन से अपील की, सिगरेट और तंबाकू का प्रयोग ना करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हम यह सोचते हैं कि एक सिगरेट पीने से क्या होता है लेकिन वह एक सिगरेट भी आपके फेफड़ों के लिए बहुत ज्यादा घातक साबित हो सकती है और कैंसर का कारण बन सकती है। हमने अक्सर पॉपकॉर्न को भुनते हुए देखा है जिस प्रकार आग से पॉपकॉर्न भुनते हैं उसी प्रकार से सिगरेट और तंबाकू से हमारे फेफड़ों भी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं और वह धीरे-धीरे खराब होना शुरू हो जाते हैं। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एच के अग्रवाल का। वे शनिवार को पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट आफ डेंटल साइंसेज के ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग द्वारा बनाए जा रहे ओरल कैंसर जागरूकता सप्ताह के अंतिम दिन समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे।

इस समापन समारोह में दीप प्रज्वलित करके वहां उपस्थित चिकित्सकों व आमजन को संबोधित करते हुए कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल ने कहा कि इस सप्ताह के दौरान पीजीआईडीएस के ओरल मेडिसिन विभाग के चिकित्सकों ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है जिन्होंने आमजन को कैंसर के प्रति काफी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों की टीम द्वारा जो अलग-अलग स्थान पर जाकर आमजन को कैंसर के प्रति जागरूक किया गया उसमें यह बात सामने आई कि अधिकतर लोग हल्के को सेहत के लिए खतरनाक नहीं मानते जबकि यह बहुत गलत है क्योंकि इसके माध्यम से धुआं और गैस हमारे शरीर के अंदर पहुंचकर हमारे फेफड़ों को खराब कर रहे हैं और जो की एक कैंसर का कारण भी बन सकता है।

डॉ क अग्रवाल ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सिगरेट और तंबाकू का प्रयोग ना करें। निदेशक डॉ एस के सिंघल ने कहा कि हम सभी को आज यह प्रण लेना चाहिए कि हम सिगरेट ,हुक्का और तंबाकू का सेवन ना तो समय करेंगे और ना ही दूसरों को करने देंगे। उन्होंने कहा कि डॉ तिवारी वह उनकी टीम बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ ध्रुव चौधरी ने कहा कि डॉक्टर तिवारी की टीम ने इस सप्ताह के दौरान बहुत ही बेहतरीन कार्य किया है। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन मित्तल ने बताया कि डेंटल कॉलेज की टीम डॉक्टर तिवारी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में अग्रणीय भूमिका निभाती है।




### प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया

प्राचार्य डॉक्टर संजय तिवारी ने कहा कि कुलपति डॉ एचके अग्रवाल बहुत ही विनम्र स्वभाव के व्यक्ति हैं और वह हमेशा सकारात्मक सोच के साथ संस्थान की भलाई के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज कुलपति द्वारा जो विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया है उसे सभी का हौसला बढ़ा है।




## मदवि कुलपति ने छात्रों को कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने नव प्रवेशित शोधार्थियों को कार्य के प्रति समर्पण, शोध के प्रति जुनून तथा सबसे महत्वपूर्ण रूप से सादगी, प्रतिबद्धता, कड़ी मेहनत, कृतज्ञता, सहयोग, आपसी समझ और सम्मान जैसे जीवन कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के तत्वावधान में फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज तथा फैकल्टी ऑफ इंटर डिसिप्लिनरी स्टडीज द्वारा नव प्रवेशित पीएचडी विद्यार्थियों के लिए स्वराज सदन में आयोजित सात दिवसीय शोध प्रविधि कार्यशाला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शोधार्थियों को गुणवत्तापरक शोध कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने युवा शोधकर्ताओं को एक जिम्मेदार और समर्पित वैज्ञानिक के रूप में खुद को विकसित करने का आह्वान किया, जो समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए कड़ी मेहनत करता है। भौतिक विज्ञान संकाय के डीन प्रो. एससी. मलिक, चौ. रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान के निदेशक प्रो. संदीप मलिक तथा रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह ने इस अवसर की शोभा बढ़ाने तथा नवोदित वैज्ञानिकों को शैक्षिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करने के लिए कुलपति का आभार व्यक्त किया। डॉ. कोमल जाखड़ ने मंच का संचालन किया।